हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 9 मार्च 2026

04 इंदौर की गेर की तर्ज पर निकला भव्य चल समारोह...



07 राजगढ़ स्टेडियम खेल विभाग को हस्तांतरित...





## खबर संक्षेप

### अस्मिता पहल के तहत आज आयोजित होंगी खेल प्रतियोगिताएं

**सीहोर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 9 मार्च को प्रातः 10 बजे सीहोर के चर्च ग्राउंड पर माय भारत सीहोर एवं खेल विभाग द्वारा भारत सरकार की 'अस्मिता' पहल के अंतर्गत खेल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 08 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और उन्हें शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से एथलेटिक्स (दौड़) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें प्रतिस्पर्धी दौड़, मनोरंजक गतिविधियाँ, टग ऑफ वार (रस्साकशी) आदि शामिल हैं। कार्यक्रम में तीन आयु वर्ग की बालिकाएं एवं महिलाएं सहभागिता करेंगी, जिसमें अंडर 13 वर्ष, 13 से 18 वर्ष और 18 वर्ष से अधिक की बालिकाएं एवं महिलाएं शामिल होंगी। इच्छुक महिला प्रतिभागी एनएसआरएस पोर्टल पर अपना पंजीयन कर सकती हैं जिसके लिए उन्हें इस पोर्टल पर अपना आधार प्रमाणित करना होगा। विजेताओं को पदक और सभी प्रतिभागियों को डिजिटल प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव द्वारा आयोजन में अधिक से अधिक बालिकाओं एवं महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### स्टैंड के बाहर यात्री बसों से अव्यवस्था, लगता है जाम, राहगीर परेशान

**सीहोर।** नए बस स्टैंड के बाहर यात्री बसों के खड़े होने से दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। बस स्टैंड पर सवारी बैठाने के बाद भी बाहर पुराने हाईवे पर खड़ी रहती हैं। इससे सड़क पर जाम लग जाता है। कई बार यह समस्या पुलिस और प्रशासन के सामने रखी गई, लेकिन अब तक कोई हल नहीं निकला। बस संचालक देर तक सवारी का इंतजार करते हैं। इस दौरान वाहन नो पार्किंग में खड़े रहते हैं। इससे परेशानी और बढ़ जाती है। सड़क के बीच डिवाइडर बना है, जिससे रास्ता पहले से ही संकरा है। लोग जाम से बचने के लिए रॉन्ग साइड से वाहन निकालते हैं। इससे सामने से आ रहे वाहनों से टक्कर की आशंका बनी रहती है।

### मृतक के परिजन ने अंतिम संस्कार से पहले अर्थी सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया, सड़क किनारे बातचीत करते में...

# रफ्तार का कहर: 70 फीट घसीटकर 4 मासूमों को बाइक सहित ले गई बोलेरो, दो की मौत, दो गंभीर

**तेज रफ्तार में आ रही बोलेरो ने चारों को अपनी चपेट में ले लिया और बाइक सहित उन्हें सड़क पर घसीटते हुए आगे बढ़ गई।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर में शनिवार देर रात एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। मोती बाबा मंदिर के पास तेज रफ्तार में दौड़ती हुई एक बोलेरो ने सड़क किनारे खड़े चार किशोरों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन चारों को बाइक समेत करीब 70 फीट तक घसीटता हुआ ले गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोग चीख-पुकार करते हुए घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। इस हादसे में दो किशोरों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

**बातचीत कर रहे थे किशोर, अचानक टूटा कहर :** जानकारी के अनुसार महू निवासी अमित कौशल (16) अपने मौसी के घर लुनिया चौराहा सीहोर आया हुआ था। शनिवार रात करीब 11:30 बजे वह अपने मौसेरे भाई प्रिंशु कौशल (13) और दो अन्य साथियों धीरज व रेंचो के साथ मोती बाबा मंदिर के पास सड़क किनारे एक बाइक के पास खड़े होकर बातचीत कर रहा थे। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार में आ रही बोलेरो ने चारों को अपनी चपेट में ले लिया और बाइक सहित उन्हें सड़क पर घसीटते हुए आगे बढ़ गई। घायल धीरज और रेंचो की हालत भी



गंभीर बताई जा रही है।



अमित पिता मुकेश कौशल



विवेक पिता सतीश कौशल

### ट्रैक्टर और टैंकर से टकराकर चाय की दुकान में घुसी गाड़ी

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर के बाद भी बोलेरो नहीं रुकी। बेकाबू वाहन पहले सड़क किनारे खड़े एक ट्रैक्टर और फिर टैंकर से टकराकर इंदर की चाय की दुकान में जा घुसा। हादसा इतना भीषण था कि अमित कौशल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल प्रिंशु कौशल को भोपाल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

### "मध्य प्रदेश शासन" लिखी बोलेरो, चालक मौके से फरार

हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि जिस बोलेरो से हादसा हुआ उस पर "मध्य प्रदेश शासन" लिखा हुआ था और वाहन किसी रमेश राठौड़ नाम के व्यक्ति का बताया जा रहा है। घटना के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी रविंद्र यादव के अनुसार बोलेरो को जब्त कर लिया गया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।



### अर्थी सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया

मृतक के परिजन ने अंतिम संस्कार से पहले अर्थी सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया। करीब 15-20 मिनट तक जाम रहा। अधिकारियों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके बाद अर्थी श्मशान घाट के लिए रवाना हुआ।

## नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर पालिका परिषद सीहोर के अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर द्वारा समरसता संदेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनप्रतिनिधियों, पत्रकारगण, शहर के गणमान्य नागरिकों के साथ होली मिलन समारोह का नया बस स्टेण्ड सीहोर में भव्य आयोजन रखा गया। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार के.जी.बैरागी, नरेन्द्र खंगराले पत्रकार जाटव दलित चिंतक प्रदेश महामंत्री अ.जा.ज.पि.अ.क.परिषद, पूर्व पार्षद रंजीत वर्मा, राजेन्द्र नागर, आशीष गुप्ता, सक्षम पालिवाल, नितिन जोहरी, पवन विश्वकर्मा, पुरुषोत्तम मीणा, महेश कुमार, द्वारा हिस्सा लिया गया।

कार्यक्रम में एक दूसरे को गुलाल व पुष्पवर्षा कर होली खेली गई। जिसमें क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा शिव पार्वती व राधाकृष्ण के रूम में उपस्थित महिला पुरुषों के साथ मनमोहक नृत्य किया गया व अंत में सभी ने एक साथ भोजन का आनन्द भी उठाया। नगर पालिका अध्यक्ष ने



सभी पत्रकारों के साथ गुलाल लगाकर होली व रंगपंचमी की शुभकामनाऐं दी। इस दौरान रंग लगाकर व पुष्प वर्षा कर जमकर होली व रंगपंचमी त्योहार मनाया गया। कार्यक्रम में सामाजिक एकता का खूब संदेश दिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर द्वारा जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों के साथ पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ यानि पत्रकारों के साथ होली खेलना उनके लिये गर्व की बात है, उन्होने पत्रकारों की भूमिका को समाज के लिये महत्वपूर्ण बताया और कहा कि मीडिया जनसमस्याओं को उठाने में अहम भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर कुमार सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी सतीष राठौर, विवेक राठौर, नगर पालिका के पार्षदगण एवं आर्य समाज के रमेश आर्य, सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश राठौर, डी.पी.आर्य, धन्नालाल परचौले, पन्नालाल खंगराले, नारायण सिंह परमार, प्रेमनारायण परमार, मदन मालवीय, कमल सूर्यवंशी, दयाराम गवाटिया, रामचन्द्र दसलानिया, पप्पु सेन, जयराम जाटव, नारायण सिंह परिहार सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित रहे।

### छात्रवृत्ति के लिए आय सीमा 8 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा 15 अप्रैल 2023 को जारी आदेश 'अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिए आय सीमा 6 लाख से बढ़ा कर 8 लाख रूपये किये जाने और अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को विदेश अध्ययन छात्रवृति मानविकी विषयों के लिए भी दिए जाने का मंत्रि-परिषद ने अनुसमर्थन किया।

अशासकीय संस्थाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति वर्ग के विदयार्थियों की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की वार्षिक आय सीमा 8 लाख रूपये किये जाने की सहमति प्रदान की गई।

जनजातीय कार्य विभाग द्वारा शासकीय वित्त पोषित शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए आय सीमा का बंधन समाप्त किया गया है। आय सीमा में वृद्धि से अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने के व्यापक अवसर प्राप्त हो सकेंगे।

## घरेलू गैस सिलेंडर: सिंगल वाले 21, डबल वालों को 30 दिन पहले करनी होगी बुकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहो

ईरान में चल रहे युद्ध के कारण गैस की कीमतों में उछाल आया है। शनिवार से गैस सिलेंडर महंगा हो गया। यही नहीं। अब उपभोक्ताओं को 15 दिन की जगह डबल सिलेंडर वालों को 30 दिन पहले नंबर लगाना होगा। सिंगल वालों को 21 दिन पहले नंबर लगाना होगा। इसमें एक शर्त भी जोड़ दी गई है। अब मोबाइल से ही सिलेंडर बुक किया जा सकेगा।

गैस एजेंसी के कार्यालय में जाकर अब नंबर नहीं लगेगा। शहर में हर रोज औसतन 1500 गैस सिलेंडर की खपत होती है। घरेलू गैस बुकिंग के नियमों में बदलाव कर दिए गए हैं। युद्ध के कारण कीमतों में भी परिवर्तन हुआ है। दूसरी तरफ डीजल, पेट्रोल पंप संचालकों को अभी आसानी से मिल रहा है। सीएनजी की भी अभी कोई किल्लत नहीं है। इसी तरह





घरेलू गैस भी डिमांड के अनुसार मिल रही है। पटेल पेट्रोल पंप के संचालक शैलेष पटेल ने बताया कि अभी डिमांड के अनुसार डीजल और पेट्रोल मिल रहा है। किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं है। अपर मुख्य सचिव, खाद्य रश्मि अरूण शमी ने ऑयल कंपनियों को निर्देश दिए हैं। जिलावार फील्ड ऑफिसर तथा डिपो प्रभारी संभागायुक्त और कलेक्टर से संपर्क करें। नियमित रूप से स्टॉक की जानकारी उपलब्ध कराएं। डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी किसी भी स्थिति में न हो। इसके लिए डीलर स्तर पर प्रतिदिन स्टॉक की समीक्षा की जाए।

इस तरह होगी अब सिलेंडर की बुकिंग जिन उपभोक्ताओं के पास डबल गैस सिलेंडर हैं, उन्हें अभी तक 15 दिन पहले नंबर लगाना होता था। अब इसमें संशोधन कर दिया गया है। अब इन उपभोक्ताओं को 30 दिन पहले सिलेंडर बुक करना होगा। इसी तरह जिनके पास सिंगल गैस सिलेंडर है, उन्हें 21 दिन पहले नंबर लगाना होगा। अभी तक मैन्युअली भी गैस सिलेंडर के नंबर लगते थे। लोग गैस कंपनी के ऑफिस जाकर नंबर लगा लेते थे। अब इसे बंद कर दिया गया है। अब उपभोक्ता को अपने मोबाइल नंबर से ही नंबर लगाना पड़ेगा।

## डॉ.अम्बेडकर के चित्र को क्षतिग्रस्त किए जाने की भीमा आर्मी ने कराई शिकायत







हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी (काशीराम) में प्रदेश सचिव अरविन्द मालवीय के नेतृत्व में थाना कोतवाली पहुंचकर शिकायत की गई है कि सीहोर नगर में कलेक्ट्रेट कार्यालय वाले रास्ते के समीप बने बाबा साहेब डा. अम्बेडकर उपवन में लगी बाबा साहेब अंबेडकर के चित्र को आसामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया है, जिससे बहुजन समाज के लोगों की भावनाएं आहत हुई है तथा हमारे महापुरुष के चित्र को क्षतिग्रस्त कर उनका अपमान किया है।

हमारी मांग है कि उचित कार्यवाही की जावे। इस अवसर पर उपस्थितजनों में प्रमुख रूप से भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी (काशीराम) में प्रदेश सचिव अरविन्द मालवीय, राधे बौद्ध, गब्बर मालवीय, समाजसेवी लाड़सिह कटारिया, प्रदीप मालवीय, कृष्णा, लखन परिहार, चैनसिंह नेताजी, राकेश कटारिया, एहसान खान आदि उपस्थित रहे।

### संभाली कानून-व्यवस्था की कमान, शहर में आमजन ने बढ़ाया उत्साह

# महिला दिवस पर रंग पंचमी का उत्सव, महिला अधिकारियों ने दिखाई सक्रियता से सहभागिता





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में रंग पंचमी का त्योहार पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। शहर और गांवों में लोग सुबह से ही एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर पर्व का आनंद लेते दिखे। पारंपरिक गीतों और नृत्य के साथ त्योहार की खुशियां चारों ओर बिखरी रही।

सुबह से शुरू हुआ रंग खेलने का सिलसिला दोपहर तक लगातार चलता रहा। लोग होली और लोकगीतों पर नाचते-गाते हुए पर्व का आनंद उठाते रहे। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में चारों तरफ रंगों और गुलाल की छटा नजर आई।

### महिला अधिकारियों ने संभाली कानून व्यवस्था

इस वर्ष रंग पंचमी का पर्व अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के साथ मेल खा रहा था। इसे देखते हुए महिला पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को विभिन्न स्थानों पर तैनात किया गया।

उन्होंने शांति और सुरक्षा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक अभिनंदना शर्मा और एसडीओपी पूजा शर्मा सहित अन्य महिला अधिकारी और कर्मचारी लगातार ड्यूटी करते रहे।

### पुलिस प्रमुख ने किया सम्मान

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिला अधिकारियों और कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट सेवा की सराहना की और उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने उनके उज्वल भविष्य की कामना भी की।

### अनुबंध पत्र का पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य हुआ

**सीहोर।** अचल सम्पत्ति क्रय-विक्रय के अनुबंध (सौदा-चिट्ठी) का पंजीयन आवश्यक है। भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 की धारा-17 के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों भूमि, भवन, फ्लेट, प्लॉट, दुकान, गोडाऊन, कार्यालय इत्यादि को खरीदने या विक्रय के एग्रीमेंट का पंजीयन सब रजिस्ट्रार कार्यालय में करना अनिवार्य है। केवल स्टाम्प पर लिखे गये नोटराईज्ड अनुबंध कानूनी अधिकार प्रदान नहीं करता है।

अचल सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के अनुबंध पत्रों पर स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क निर्धारित है। एग्रीमेंट में सम्पत्ति पर कब्जा नहीं दिया है, तो एक हजार रूपये स्टाम्प ड्यूटी और अनुबंध मूल्य का 0.8 प्रतिशत पंजीयन फीस प्रभार्य है। अनुबंध के द्वारा कब्जा देने पर सम्पत्ति के बाजार मूल्य या सौदा मूल्य, जो भी अधिक हो का हस्तांतरण पत्र अनुसार 5 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क तथा 0.8 प्रतिशत पंजीयन फीस प्रभार्य है। अनुबंध पत्र पर उपरोक्तानुसार चुकाई गई स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन फीस का समायोजन रजिस्ट्री कराने पर हो जाता है। आम नागरिकों से अपील की गई है कि अचल सम्पत्ति क्रय-विक्रय के अनुबंध पत्रों का पंजीयन अवश्य कराएं। रजिस्टर्ड अनुबंध से अधिकार सुरक्षित रहते हैं तथा विवाद की संभावना बहुत कम हो जाती है।

## खबर संक्षेप



### ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाएं आयोजित

**सीहोर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले की अनेक ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इन ग्राम सभाओं में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, महिला सुरक्षा से संबंधित प्रावधानों तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। ग्राम सभाओं में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन तथा आर्थिक सशक्तीकरण से जुड़ी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही महिलाओं को सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरुक रहने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज और परिवार के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

### बासों की छंटाई नहीं होने से परेशानी हो रही

**सीहोर** । पुराने हाईवे किनारे बांसबेड़े की छंटाई नहीं होने के कारण वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। कई बांस सड़कों पर लटक रहे हैं। जिससे कभी भी हादसे की संभावना बनी रहती है। गर्मी के दिनों में इन बांसों में आग लगने की घटनाएं भी आम बात हैं। इसलिए यहां पर नियमित सफाई की आवश्यकता है, जो कि नहीं होती। बांसबेड़े के नीचे काफी कचरा जमा है, ऐसे में तेज हवा चलते ही आग लगने की संभावना है। बांसबेड़े को को आग से सुरक्षित रखना है तो जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देना होगा।

### सैटेलाइट से होगी खनिजों के अवैध उत्खनन की निगरानी

**सीहोर।** खनिजों के अवैध उत्खनन पर नियंत्रण के लिये सैटेलाइट (उपग्रह) आधारित खनन निगरानी प्रणाली विकसित की गयी है। प्रमुख सचिव खनिज ने सैटेलाइट (उपग्रह) आधारित खनन निगरानी प्रणाली को लागू किये जाने के संबंध में जिला कलेक्टर्स को आदेश जारी कर दिये हैं। प्रमुख सचिव खनिज ने बताया कि इस व्यवस्था के अंतर्गत प्रदेश की समस्त खदानों को जियो टैग किया गया है तथा इसे पॉयलेट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया गया है। विभाग द्वारा निर्मित पोर्टल पर क्लिक कर एक्सेस किया जा सकता है।

रंगों की बारिश में डूबा भैरूंदा, गैर में उमड़ा जनसैलाब, नपा अध्यक्ष ने फायर ब्रिगेड मशीन से की रंगों की बौछार

# इंदौर की गेर की तर्ज पर निकला भव्य चल समारोह ढोल-बाजों, डीजे और गुलाल से सराबोर हुआ नगर

जुलूस गांधी चौक से शुरू होकर रॉयल मार्केट, जेपी मार्केट, नीलकंठ मार्ग और दुर्गा चौक से होते हुए तय मार्ग से आगे बढ़ा और सीएम राइज स्कूल प्रांगण में समापन हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



रंगपंचमी का पर्व इस वर्ष भी भैरूंदा नगर में उत्साह, उमंग और परंपरा के रंगों के साथ धूमधाम से मनाया गया। फाग उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित गेर महोत्सव के दौरान पूरा नगर रंगों की बारिश में डूबा नजर आया। इंदौर की प्रसिद्ध गेर की तर्ज पर निकाले गए भव्य चल समारोह में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया और ढोल-नगाड़ों, डीजे की धुन तथा गुलाल की बौछार के बीच रंगों का यह उत्सव पूरे उल्लास के साथ मनाया गया।

रविवार सुबह से ही नगर का माहौल रंगों और उमंग से सराबोर हो गया। जेपी मार्केट में सुबह 8.30 बजे रितेश सोनी के द्वारा सभी हुरियारों को स्वल्पाहार कराया गया। 11बजे से गैर महोत्सव का भव्य चल समारोह गांधी चौक छोटा बाजार से प्रारंभ हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। जुलूस गांधी चौक से शुरू होकर रॉयल मार्केट, जेपी मार्केट, नीलकंठ मार्ग और दुर्गा चौक से होते हुए तय मार्ग से आगे बढ़ा और अंत में सीएम राइज स्कूल प्रांगण में पहुंचकर इसका समापन हुआ। करीब दो किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर जगह-जगह लोगों ने गुलाल उड़ाकर और एक-दूसरे को रंग लगाकर पर्व की खुशियां साझा कीं।

गैर के दौरान पूरा नगर गुलाल के रंगों से सराबोर हो गया। ढोल-बाजों की गूंज और डीजे की धुन पर रंगों से सराबोर हुरियारे नाचते-गाते हुए जुलूस के साथ चलते नजर आए। इस दौरान करीब 5 क्विंटल गुलाल और लगभग 5 किलो रंग का उपयोग किया गया, जिससे पूरा वातावरण रंगमय हो उठा। नगर के विभिन्न मोहल्लों और बाजारों से बड़ी संख्या में लोग गैर में शामिल हुए, जिससे पूरे मार्ग पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। उड़ते गुलाल और ढोल-नगाड़ों की थाप के बीच नगर मानो रंगों के महासागर में डूबा दिखाई दिया। गैर महोत्सव में कलाकारों ने अलग-अलग भेषभूषा धारण कर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जो लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। कई कलाकार पारंपरिक और हास्य वेशभूषा में नजर आए और उन्होंने अपने अंदाज से लोगों का खूब मनोरंजन किया। जुलूस के दौरान युवा, बुजुर्ग और बच्चे सभी उत्साह के साथ झूमते नजर आए। इस



अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर भी गैर में शामिल हुए और उन्होंने फायर ब्रिगेड मशीन से हुरियारों पर रंगों की बौछार कर उत्सव का आनंद लिया। रंगों की फुहार के बीच उन्होंने नगरवासियों को रंग पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रंगों का यह पर्व समाज में खुशियों, सकारात्मकता और आपसी प्रेम का संदेश देता है। उन्होंने कामना की कि सभी नगरवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और आनंद के रंग सदैव



बने रहें। गैर के अंतिम पड़ाव पर भी टैंकर से रंगों की बौछार की गई, जिससे पूरा मैदान रंगों से सराबोर हो गया।

### युवाओं ने खेली कपड़ा फाड़ होली

गैर के दौरान युवाओं का उत्साह भी चरम पर नजर आया। जुलूस में शामिल कई युवाओं ने परंपरागत अंदाज में 'कपड़ा फाड़ होली' खेली। रंगों के नशे में झूमते युवाओं ने डीजे की धुन पर जमकर नृत्य किया। कई युवा रंगों से पूरी तरह सराबोर नजर आए, वहीं फटे कपड़ों और रंगों की बौछार के बीच उत्साह और मस्ती का अनोखा नजारा देखने को मिला।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे

रंग पंचमी के इस भव्य आयोजन को देखते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। गैर महोत्सव के दौरान एसडीएम सुधीर कुशवाह और एसडीओपी रोशन कुमार जैन सहित पुलिस और प्रशासनिक अमला पूरे समय मौजूद रहा। नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी और जुलूस के साथ-साथ पुलिस बल भी चलता रहा, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। प्रशासन की सतर्क निगरानी और पुलिस व्यवस्था के बीच रंग पंचमी का यह पारंपरिक गैर महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास, धूमधाम और भाईचारे के माहौल में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस आयोजन ने एक बार फिर नगर में सामाजिक एकता और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर आयोजित वेशभूषा प्रतियोगिता में सुनील जिनोदिया को प्रथम पुरस्कार के रूप में कूलर प्रदान किया गया। फाग उत्सव समिति ने आयोजन की सफलता पर नगरवासियों और दूर-दराज से आए सभी नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग और सहभागिता से ही यह फागोत्सव सफल हो सका।

# दशकों से चली आ रही परंपरा का ग्रामीण आज भी कर रहे हैं निर्वहन

### राठौर परिवार के घर से होती है फगवे की शुरुआत

**इछावर।** पांच दिवसीय चलने वाले रंगों के त्योहार का रविवार को रंगपंचमी के साथ समापन हो गया। भाईचारा और रंगों का यह पर्व इछावर सहित संपूर्ण अचल में उत्साह और परंपरागत तरीके से मनाया गया। इस दौरान तहसील क्षेत्र के गांव ब्रिजीशनगर में एक बार फिर दशकों से चली आ रही फगवा परंपरा की शुरुआत राठौर परिवार के घर से ही हुई। ग्रामीण बड़ी संख्या में एकत्रित होकर ढोल, मंजीरे लेकर पूर्व सरपंच प्रतिनिधि ज्ञान सिंह राठौर के घर पहुंचे। फाग मंडली के कलाकारों ने डफली और ढोलक की थाप पर फाग भजनों की स्वरलहरियों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी । इस दौरान उपस्थित लोग जमकर थिरके और उन्होंने जमकर रंग, गुलाल उड़ाया। ज्ञान सिंह राठौर और उनके परिवार के लोगों ने सभी हुरियारों का गुलाल का तिलक लगाकर उनका स्वागत किया और फगवा देकर परंपरा की रस्म अदायगी की । इसके बाद हुरियारों की झुंड गांव के अन्य लोगों के घर पहुंचे और फगवा मांगा। गांव के बाबूलाल पटेल, रतन मेवाड़ा आदि ने बताया कि गांव में सामुहिक फाग गायन की परंपरा सदियों से



चली आ रही है। वर्षा पहले फाग गायन और फगवा मांगने की परंपरा की शुरुआत ज्ञान सिंह राठौर के परदादा के घर से हुई थी तभी से यह परंपरा चली आ रही है। राठौर परिवार आज भी हुरियारों का स्वागत और फगवा देकर उस परंपरा को जीवंत बनाए हुए है। इसी प्रकार अन्य गांवों में भी रंगपंचमी का जुलूस निकाल कर जमकर रंग गुलाल उड़ाया गया। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस भी पूरी तरह से मुस्तैद दिखाई दी। एडिशनल एसपी सुनीता रावत द्वारा स्वयं सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालें हुए



थी। वह लगाता पूरे जिले में होली पर्व को लेकर हर थाने कस्बे में भ्रमण कर रहीं हैं। नगर में भी उन्होंने भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। और नागरिकों से रंगों का पर्व शांति और सद्भाव के साथ मनाने की अपील करते हुए नजर आई ।

### चैत्र नवरात्रि में होगी मां भगवती के नै स्वरूपों की साधना : पंडित सुनील शर्मा

**सीहोर।** इस वर्ष चैत्र मास नवरात्रि का शुभारम्भ 19 मार्च गुरुवार उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र से प्रारंभ होगा जिसका समापन 27 मार्च शुक्रवार रामनवमी को होगा। नवरात्रि का पावन शक्ति महापर्व नौ दिनों तक मनाया जाएगा, नवरात्रि पर्व के अंतर्गत सर्वार्थसिद्धी योग, अमृत सिद्धि योग, दि पुष्कर योग पुष्य नक्षत्र भी रहेगा। इस बार नवरात्रि का शुभारंभ गुरुवार से होगा इसलिए चैत्र नवरात्रि में माता का आगमन पालकी की सवारी पर होगा l नवरात्रि शक्ति पर्व के साथ ही हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2083 का शुभारंभ होगा l इस दिन मां भगवती की साधना, रुद्राभिषेक, भगवान सत्यनारायण की कथा सुंदरकांड विशेष फलदाई होंगे। नवरात्रि पर्व को लेकर पंडित सुनील शर्मा ने बताया की वर्ष में चार नवरात्रि होती है इसमें दो प्रकट प्रत्यक्ष नवरात्रि चैत्र मास व अश्विन मास में होती है तथा दो अप्रत्यक्ष गुप्त नवरात्रि माघ मास व आषाढ मास में होती है। नवरात्रि में साधक साधनाए अपने घर मंदिर व अपनी व्यवस्थानुसार एकांत मे करते है। इस बार मां दुर्गा की कलश स्थापना गुरुवार को होगी। नवरात्रि में साधक अपनी आध्यत्मिक व मानसिक शक्तियों में वृद्धि करने के लिए अनेक प्रकार के उपवास, संयम, नियम, भजन, पूजन, योग साधना आदि करते है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर किया सम्मानित

**बुधनी।** रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एसडीओपी कार्यालय, बुदनी में महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थाना बुदनी की महिला अधिकारी / कर्मचारी कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं।

कार्यक्रम के दौरान एसडीओपी रवि शर्मा द्वारा महिला कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की गई तथा उन्हें उनके समर्पण, मेहनत और जिम्मेदारी के लिए सम्मानित किया गया। अधिकारियों द्वारा महिला कर्मचारियों के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा गया कि पुलिस विभाग में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और साहस के साथ कर रही हैं तथा बुदनी शहर की कानून व्यवस्था बनाये रखने में कंधे से कंधा और कदमों से कदम मिलाकर चल रही हैं । इस अवसर पर महिला कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की



कामना की गई तथा उन्हें उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करना और उनके योगदान के प्रति सम्मान प्रकट करना था। कार्यक्रम में एसआई कुसुमकली, महिला कांस्टेबल सुनीता, कृष्णा, आरती, महिला सैनिक बबीता, थाना प्रभारी बुदनी संदीप जाट एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रंगपंचमी मिलन समारोह मनाया गया



**सीहोर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिला सीहोर परिवार द्वारा होली रंगपंचमी मिलन समारोह भूतेश्वर महादेव मंदिर में रंग गुलाल एक दूसरे को लगाकर व गले मिल कर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रंग गुलाल लगा कर सभी सामाजिक बंधू द्वारा एक जाजम पर बैठ कर सामाजिक कार्यों, गतिविधियों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन ठाकुर गोपाल सिंह संगठन सचिव द्वारा करते हुए सामाजिक बन्धुओं कों अवगत कराया कि आपका अपना संगठन पिछले पांच वर्षों से होली रंगपंचमी मिलन समारोह आयोजित कर रहे हैं।

यह कार्यक्रम सभी के सहयोग से ही सम्भव है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ. महेंद्र सिंह राठौड़ सम्भागीय अध्यक्ष ने कहा कि सीहोर जिले में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वर्ष 1997 से निरन्तर समाज हित में अनेक गतिविधियाँ व कार्यक्रम कर रहे हैं। डॉ. प्रदीप चौहान वरिष्ठ पत्रकार ने कहा कि हमें अपने मतभेद भूलाकर, अपने अहमों कों तिलांजलि देते हुए एक होकर सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई जावे,तभी संगठन मजबूत होगा। डॉ.बलबीर तोमर ने कहा कि हमें अपने पूर्वजों के आदर्श पर चलना चाहिए व उनके बलिदानों को स्मरण करना चाहिये, उनके बलिदानों का परिणामस्वरूप हम स्वतंत्रता पूर्वक त्यौहार मना रहे हैं। अरविंद सिंह राठौड़ अधीक्षक आदिमजाति कल्याण विभाग ने कहा कि हमें समाज के ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों के लिए लायब्रेरी आवश्यक है ताकि प्रतियोगिताओं कि तैयारी हेतु पुस्तकें, अच्छे साहित्य मिल सकें ताकि आज़ अन्य वर्ग के विधार्थियों को एसी सुविधा उपलब्ध है, हमारे विधार्थियों के लिए नहीं है।

इस मौके पर ठाकुर शैलेन्द्र सिंह चंदेल, शिवशंकर सिंह, रामजी सिंह,नवतेशसिह, जितेन्द्र सिंह राठौड़, करणवीर सिंह, कृष्ण सिंह सेंगर,रमेश सिंह चौहान, सियाराम सिंह, चन्दन सिंह सिसौदिया, महेंद्र सिंह चौहान, अजीत सिंह सिन्दल,लाखन सिंह गौर,लाखन सिंह ठाकुर, अंकित चौहान, सुनील चौहान आदि राजपूत क्षत्रिय समाज के लोग उपस्थित रहे।

पहले भी फ्रीजर खराब होने के कारण शवों की ऐसी ही दुर्गति हो चुकी है

# जीते जी तो नहीं पता, मरने के बाद फजीहत हो गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

रविवार को एक तरफ जहां रंग पंचमी का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा था वहीं दूसरी तरफ अस्पताल में उस समय अफरा तफरी मच गई जब अचानक सिविल अस्पताल प्रांगण में भयंकर बदबू आने लगी। मौके पर मौजूद मरीजों के परिजनों ने जब ड्यूटी डॉक्टर को इस बात की शिकायत की तो उन्होंने मामले को एक सिरे से खारिज कर दिया। इस पर स्थानीय मीडिया को सूचना दी गई जब मौके पर मौजूद मीडिया कर्मियों ने ड्यूटी डॉक्टर से यह सवाल किया तो उन्होंने कहा कि मैं 24 घंटे से ड्यूटी कर रहा हूं मुझे किसी ने नहीं बताया कि यहां पर बॉडी रखी हुई है कोई बिना बताए ही बॉडी छोड़कर चला गया। जब इस बात की सूचना एसडीएम डी एस तोमर को दी गई तो उन्होंने अधिकारियों से बात




की बताया जाता है कि शुक्रवार को रेलवे स्टेशन पर एक अज्ञात व्यक्ति मृत अवस्था में पाया गया था जिसे रेलवे पुलिस द्वारा अस्पताल के मर्चुरी रूम में रखवाया गया परंतु हर बार की तरह इस बार भी अज्ञात शव की दुर्गति ही हुई सिविल अस्पताल में शवों की दुर्दशा का इतिहास नया नहीं है। इससे पहले भी फ्रीजर खराब होने के कारण शवों की ऐसी ही दुर्गति हो चुकी है। अब यहां पर दूसरा बड़ा सवाल यह होता है कि इन परिस्थितियों में जो मरीज यहां पर भर्ती रखे गए हैं। उन पर इसके क्या विपरीत प्रभाव पढ़ते होंगे मरीज के परिजन यहां पर कैसे रहते होंगे। वहीं अस्पताल के स्टॉफ का बदबू के मारे क्या हाल होता होगा हालांकि यह सवाल तो पहले भी उठते रहे हैं लेकिन इनका हल आज तक नहीं मिला।प्रसव पीड़ा के चलते अपनी पत्नी को अस्पताल लेकर आए पुष्पेंद्र चौहान ने बताया कि कल शाम को अस्पताल आए थे सब कुछ ठीक था आज सुबह से बदबू आने लगी अस्पताल में गंदीबाड़ा मचा हुआ है ऐसे में डिलीवरी करवाना कितना सुरक्षित होगा,भाजपा नेता सतीश गुप्ता ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक को समस्या से अवगत कराएंगे और जिला कलेक्टर से बात करके फ्रीजर की व्यवस्था करवाएंगे।

सीबीएमओ डॉक्टर डी बडोदिया-रेलवे पुलिस द्वारा एक शव को अस्पताल में रखवाया गया था समय अधिक हो जाने के कारण फ्रीजर में शव खराब हो गया उसे वहां से हटवा कर पोस्टमार्टम रूम में बर्फ में रखवाया गया है।

### निर्माण कार्यों में किसी तरह की कोताही न बरतने के दिए निर्देश

# राजगढ़ स्टेडियम खेल विभाग को हस्तांतरित करने सांसद ने दिया सुझाव

### *जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा व निर्णय*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की समीक्षा बैठक शनिवार को कलेक्टोरेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। इस बैठक में क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर ने मुख्यालय स्थित स्टेडियम के समुचित विकास पर भी जोर देते हुए सुझाव दिया कि स्टेडियम को खेल विभाग को हस्तांतरित किया जाए, ताकि वहां खेल गतिविधियों का विस्तार हो सके। इसके साथ ही खिलाड़ियों के लिए बेहतर खेल सुविधाएं विकसित की जा सकें।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में राजगढ़ स्टेडियम नगर पालिका के स्वामित्व में आता है। यद्यपि स्टेडियम परिसर, उसकी समस्त दुकानों के किराए, खेल ग्राउण्ड के विकास के लिए अलग से एक समिति है जिसके अध्यक्ष राजगढ़ जिलाधीश हैं। पर अगर सांसद के सुझाव पर अमल कर लिया जाएगा तो स्टेडियम के मैदान का समुचित विकास हो पाएगा क्योंकि खेल विभाग के पास इस हेतु अलग से बजट का प्रावधान शासन द्वारा सुनिश्चित किया जाता है।

#### मेडिकल कॉलेज सहित अन्य निर्माण कार्यों की समीक्षा

बैठक में मुख्यालय पर निर्माणाधीन मेडीकल कॉलेज के निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों में गति लाते हुए समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। लोक निर्माण विभाग द्वारा संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उनकी गुणवत्ता एवं प्रगति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिले में निर्माणाधीन नर्सिंग कॉलेज एवं छात्रावास के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में सांसद नागर ने कहा कि पीएचई एवं जल निगम के कार्यों की नियमित निगरानी आवश्यक है ताकि जल जीवन मिशन के उद्धेश्यों की प्रभावी पूर्ति हो सके। राष्ट्रीय जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित हर घर जल अभियान की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की गई ताकि प्रत्येक घर तक सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

#### प्रधानमंत्री राहत योजना की हुई सराहना

इसके साथ ही प्रधानमंत्री राहत योजना की भी समीक्षा की गई। जनप्रतिनिधियों ने इस योजना की सराहना करते हुए बताया कि इसके अंतर्गत पंजीकृत अस्पतालों में सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को 1 लाख 50 हजार रुपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिल रही है। बैठक में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल, विधायक खिलचीपुर हजारीलाल दांगी, विधायक नरसिंहगढ़ मोहन शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले तथा विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद रहे।

## 12वीं के छात्रों ने दिया हिंदी का आखिरी पेपर, परीक्षा खत्म होने की खुशी में स्कूल के बाहर खेली होली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शनिवार को कक्षा 12वीं का अंतिम (हिंदी) पेपर भी शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। इसके साथ ही महीनों से चल रहे पढ़ाई के तनाव से छात्रों ने राहत की सांस ली है। कक्षा 10वीं की परीक्षाएं एक दिन पहले ही खत्म हो चुकी हैं। शनिवार को 12वीं का पेपर खत्म होते ही परीक्षा केंद्रों के बाहर का नजारा पूरी तरह बदल गया और उल्लास से भरे छात्रों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर जमकर जश्न मनाया। परीक्षा देकर बाहर निकले छात्र-छात्राओं ने बताया कि इस बार 4 मार्च को होली का मुख्य पर्व था, लेकिन उस दौरान उनकी बोर्ड परीक्षाएं चल रही थीं। अपने भविष्य और पढ़ाई को प्राथमिकता देते हुए कई छात्रों ने उस दिन होली नहीं खेली थी। उनका मुख्य फोकस सिर्फ अपनी परीक्षाओं की तैयारी पर था, जिसके कारण उन्होंने त्योहार की मस्ती को कुछ दिनों के लिए टालने का फैसला किया था।


#### पेपर गया शानदार

छात्रों के चेहरे पर परीक्षा खत्म होने की दोहरी खुशी साफ नजर आ रही थी। उन्होंने बताया कि आज हिंदी का आखिरी पेपर था और वह काफी अच्छा गया है। परीक्षा के दबाव से पूरी तरह मुक्त होने के बाद, छात्र-छात्राओं ने स्कूल के बाहर ही अपने दोस्तों की टोलियों के साथ एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी और गले मिलकर अपनी रुकी हुई होली का जमकर आनंद लिया।

## मेडतवाल समाज की वार्षिक बैठक आयोजित

**जीरापुर।** मेडतवाल समाज की वार्षिक बैठक समाज की धर्मशाला में आयोजित हुई। जहां सर्वप्रथम मां फलोदी एवं हनुमानजी महाराज की पूजा अर्चना एवं मंत्रोच्चारण दिनेश जमींदार , योगेश गुप्ता ने किया। तत्पश्चात समाज के समस्त महिला पुरुष युवा वर्ग की बड़ी संख्या में उपस्थित के साथ बैठक कि कार्यवाही प्रारंभ की गई। जिसमें समाजजनों ने अपने अपने विचार एवं सुझाव दिए धर्मशाला में मैनेजर हेतु पुनः दिनेश गुप्ता रावली को समाज की शर्तों के मुताबिक नियुक्त किया गया। समाज अध्यक्ष रामेश्वर टांक ने धर्मशाला के समीप खरीदी गई जमीन एवं बड़े हाल के ऊपर तीन शेड लगाने संबंधी जानकारी प्रस्तुत की। समाज के वरिष्ठ ठाकुर मोहनसिंह जमींदार, रामेश्वर टांक सहित अन्य सदस्यों जिनमें रामप्रसाद बैरिस्टर, दिनेश जमींदार , जगदीश गुप्ता दांईखेड़ी, राजेश गुप्ता नाना, संजय गुप्ता, शेलेन्द्र जमींदार (रामु), श्याम मेडतवाल भण्ड़ावद, अनिल गुप्ता, संजय गुप्ता ने अपने अपने विचार सुझाव प्रस्तुत किए। जिसमें वार्षिक लेखा जोखा संजय गुप्ता ने प्रस्तुत कर पुरे वर्ष भर की आय व्यय सम्बंधित जानकारी दी। समस्त प्रस्तावों को बिंदुवार गोविंद बरोंज ने इंद्राज किये। इस अवसर पर नवयुवक संघ अध्यक्ष पद पर अनिल गुप्ता परोलिया को एवं महिला मण्डल अध्यक्ष पद पर पुनः कुसुम टांक को नियुक्त किया गया।

## पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री अहीर का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**सारंगपुर।** पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री एवं पूर्व अध्यक्ष केंद्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग हंसराज अहीर का गुरुवार को भाजपा नेता मनोज राठौर के निवास पर स्वागत किया गया। जानकारी के अनुसार अहीर नलखेड़ा से भोपाल जाते समय सारंगपुर पहुंचे, जहां भाजपा नेता दिनेश राठौर एवं मनोज राठौर के निवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजेंद्र जाजू (इंदौर), माखनलाल राठौर, कैलाश सोलंकी, हर्ष राठौर सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान श्रीअहीर ने क्षेत्र की शांति एवं कानून व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों और विश्व में चल रहे तनावपूर्ण माहौल के बीच भारत में शांति और स्थिरता बनी हुई है, जिसका प्रमुख कारण केंद्र सरकार की नीतियां और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सफल नेतृत्व है।

### कांग्रेस नेता सहित कई किसानों का 30 बीघा गेहूं खाक

## उदनखेड़ी में गेहूं की खड़ी फसल में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



ग्राम उदनखेड़ी में शनिवार दोपहर गेहूं की खड़ी फसल में अचानक आग लगने से किसानों को भारी नुकसान हुआ। आग की इस घटना में पूर्व जनपद अध्यक्ष और कांग्रेस नेता नंदलाल नागर सहित कई किसानों की करीब 30 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। आग लगने की घटना से गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और किसान अपनी फसल बचाने के लिए मौके पर दौड़ पड़े।

जानकारी के अनुसार उदनखेड़ी के सराली रोड स्थित खेतों में शनिवार करीब 12 बजे अचानक आग लग गई। देखते ही देखते तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलती चली गई और आसपास के खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि किसानों को संभलने तक का मौका नहीं मिला और खड़ी फसल धू-धू कर जलने लगी।

इस आग में पूर्व जनपद अध्यक्ष और कांग्रेस नेता नंदलाल नागर के करीब 20 बीघा गेहूं की खड़ी फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। वहीं किसान लक्ष्मीनारायण नागर के करीब साढ़े चार बीघा खेत में लगी गेहूं की फसल भी आग की चपेट में आकर खाक हो गई। इसके अलावा आसपास के तीन-चार अन्य किसानों की फसल भी जलने की जानकारी सामने आई है। कुल मिलाकर लगभग 30 बीघा से अधिक क्षेत्र में लगी फसल आग में जलकर नष्ट हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सारंगपुर और पचोर से दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों और किसानों ने भी अपने ट्रैक्टरों में टैंकर लगाकर खेतों तक पानी पहुंचाया और आग बुझाने की कोशिश की। काफी देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक किसानों की बड़ी मात्रा में फसल जल चुकी थी। प्राथमिक तौर पर आग लगने का कारण खेतों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव और पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है, वहीं प्रभावित किसानों ने शासन से उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## कमलेश को साहू समाज का नगर अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किया



**ब्यावरा-राजगढ़।** साहू समाज की बैठक साहू धर्मशाला राजगढ़ में आयोजित की गई। बैठक साहू समाज के जिला अध्यक्ष रामनारायण साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। साहू समाज के नगर अध्यक्ष हेतु इंदरसिंह साहू ने कमलेश साहू के नाम का प्रस्ताव रखा। उपस्थित सभी समाजजनों ने एकमत से इसका समर्थन किया। साहू समाज के लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि समाज के सक्रिय एवं लोकप्रिय सदस्य कमलेश साहू को सर्वसम्मति से साहू समाज का नगर अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित राजगढ़ का किया गया है। यह निर्णय समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सहमति से लिया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने कमलेश साहू को पुष्पमाला पहनाकर उनका स्वागत किया तथा उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। समाज के सभी सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में साहू समाज और अधिक संगठित, मजबूत एवं प्रगतिशील बनेगा तथा समाज के सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक विकास को नई दिशा मिलेगी।

### 10 मार्च से होगी सालाना उर्स की शुरुआत

## 112वें उर्स की तैयारियां तेज, आए कई तरह के झूले



**राजगढ़।** बाबा बदख्सानी की दरगाह पर इस वर्ष लगने जा रहे 112वें उर्स के लिए कमेटी द्वारा युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस वृहद आयोजन हेतु जहां झूलों सहित मनोरंजन के अन्य साधनों की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है वहीं उर्स क्षेत्र में विभिन्न तरह के घरेलू सामानों की दुकानों का आना भी शुरू हो चुका है। वक्फ बोर्ड द्वारा उर्स के ठीक पहले किए गए कमेटी के बदलाव के बाद नई कमेटी के सदर इलिहास हाफिज सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा सभी तरह के इंतेजामात किए जा रहे हैं। आपको बतादें कि आगामी 10 मार्च को गुसल शरीफ की रस्म के साथ सालाना उर्स की शुरूआत होगी।

#### आमजनों की मांग कम हो झूलों का किराया

गत वर्ष उर्स में आए झूलों, सर्कस, मौत का कुआं, नाव सहित मनोरंजन के अन्य साधनों की बात करें तो प्रति व्यक्ति 50 रुपए किराया निर्धारित किया गया था। परिवार के साथ उर्स जाने वाले व्यक्तियों की जेब पर इतना अधिक किराया काफी भारी पड़ता है। ऐसे में इस बार के उर्स के लिए राजगढ़ के बच्चों सहित आमजनों ने नई कमेटी के पदाधिकारियों एवं प्रशासन से मांग रखी है कि झूलों का किराया 50 रुपए से कम रखा जाए ताकि मजदूर, गरीब सहित सभी वर्ग के लोग उनका लुत्फ उठा सकें।

#### 12 मार्च का स्थानीय अवकाश घोषित

उल्लेखनीय है कि इस सालाना उर्स में न केवल राजगढ़ बल्कि समीप के अन्य जिलों से भी हजारों की संख्या में जायरीन आया करते हैं। उर्स की लोकप्रियता के मद्धेनजर जिला कलेक्टर द्वारा पूर्व में ही संपूर्ण राजगढ़ जिले में 12 मार्च का स्थानीय अवकाश घोषित किया जा चुका है।

## बोर्ड परीक्षाएं: 55296 में से 14480 उत्तर-पुस्तिकाएं जांची

### स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय में चल रहा मूल्यांकन कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आहूत हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी की परीक्षाओं का शुक्रवार का निर्विघ्न समापन हो गया।

इन परीक्षाओं के लिए पूरे जिले में बनाए गए कुल 63 केंद्रों में से कहीं से भी नकल का कोई प्रकरण सामने नहीं आया है। उधर, इन्हीं परीक्षाओं से संबंधित उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय में सतत रूप से जारी है। चार चरणों में चल रहे उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु जिले को अभी तक कुल 55 हजार 296 उत्तर-पुस्तिकाएं प्राप्त हुई हैं जिनमें से 14 हजार 480 उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूर्ण हो चुका है। मूल्यांकन कार्य प्रभारी सह उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य महेश गुप्ता ने बताया कि अभी जिले में और भी उत्तर-पुस्तिकाएं मूल्यांकन हेतु आना शेष है। आगामी 11 मार्च और 22 मार्च को तृतीय एवं चतुर्थ चरण का मूल्यांकन कार्य आरंभ हुआ जिसके लिए कॉपियां जिले में आएंगी।

#### नोटिस के बाद तेज हुआ मूल्यांकन कार्य

विभाग द्वारा जिन शिक्षकों की ड्यूटी मूल्यांकन कार्य हेतु लगाई गई थी उनमें से कईयों ने शुरूआत में लापरवाही बरती और मूल्यांकन के लिए केंद्र पर ही नहीं पहुंचे। विभाग द्वारा दिए गए कारण बताओ सूचना-पत्रों के उपरान्त अब लगभग सभी मूल्यांकनकर्ता केंद्र पर पहुंच रहे हैं। गुप्ता ने उम्मीद जताई कि मंडल द्वारा निर्धारित समयावधि में उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

## कैंसर पीड़ितों की मदद के लिए बच्चों ने गुल्लक फोड़ी, जुटाए 31 हजार रुपए



**कुरावर।** कैंसर आज विश्व स्तर पर तेजी से फैलने वाली गंभीर बीमारियों में शामिल हो चुका है। हर वर्ष दुनिया भर में बड़ी संख्या में कैंसर के नए मामले सामने आते हैं और लाखों लोगों की मौत हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार कैंसर विश्व में मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारण बन चुका है। वर्ष 2022 में लगभग 97 लाख लोगों की मौत कैंसर से हुई थी। अनुमान है कि वर्ष 2050 तक यह आंकड़ा 3.7 करोड़ तक पहुंच सकता है। भारत में भी कैंसर एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बनता जा रहा है। वर्ष 2023 के अनुमान के अनुसार देश में कैंसर से होने वाली मौतों की दर प्रति एक लाख जनसंख्या पर 86.9 तक पहुंच गई है। हर साल लाखों लोग इस जानलेवा बीमारी से प्रभावित हो रहे हैं।

इसी को देखते हुए संस्था होली एंजेल्स स्कूल के विद्यार्थियों ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए अपनी गुल्लक फोड़कर कैंसर पीड़ितों के इलाज के लिए हैप्पीनेस वेलफेयर सोसाइटी को 31 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की। इन विद्यार्थियों में रौनक सिंह (कक्षा 5वीं,) ने 1100 रुपए, जानकी उमरे (कक्षा 6वीं ) ने 939 रुपए, सक्षम चंद्रवंशी (कक्षा 5वीं) ने 816 रुपए, संस्कार तिवारी (कक्षा 5वीं ) ने 800 रुपए, अनामिका शर्मा (कक्षा 4वीं, पैंसी) ने 610 रुपए, तरुषा भावसार (कक्षा 4वीं) ने 510 रुपए, समर चंद्रवंशी (कक्षा 6वीं) ने 510 रुपए तथा आदित्य (कक्षा 6वीं) ने 505 रुपए का योगदान दिया। बच्चों के इस सराहनीय योगदान पर नायब तहसीलदार सुनीता मैडम ने उन्हें ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर हैप्पीनेस वेलफेयर सोसाइटी के कॉर्डिनेटर राहुल गोस्वामी, स्कूल संचालक जस्टिन के. जोसफ, जांसी जेस्टिन तथा स्टाफ कॉर्डिनेटर अर्जुन सिंह राजावत ने विद्यार्थियों का सम्मान करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

### नगर में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्था प्रमुखों का किया सम्मान

## होली उत्सव के तहत नगर में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन, कवियों ने गुदगुदाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



सार्वजनिक हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान में होली उत्सव के तहत आयोजित सात दिवसीय रंगारंग कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार रात्रि को नया बस स्टैंड पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री गौतम टेटवाल हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉक्टर ध्रुव भल्ला नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद सत्यनारायण शर्मा सहित सभी कवियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया। कवियत्री प्रिती त्रिपाठी दिल्ली द्वारा अपने शुभ मधुर स्वर में सरस्वती वंदना कर होली का गीत पास आओ की माहौल शराबी कर दो छोड़ दो आज शराफत को खराबी कर दो, दूधिया रंग मोहब्बत के बिना फीका है रंग लेकर मेरे गाल को गुलाल कर दो। सहित अपने अन्य गीतों के माध्यम से शुरुआत में ही कवि सम्मेलन का भव्य आगाज किया। वहीं कवि सम्मेलन के सूत्रधार पंकज पलाश शाजापुर ने अपनी गजल, उस कहानी के आंखों के आंसू है हम जिसके सपनों ने आकार पाया नहीं, सांस लेते हुए पत्थरों में रहे प्यार बाटा मगर प्यार पाया नहीं ,ये बदन पी गया कितने सूरज मगर फिर भी ये साया मुझसे आगे निकल गया, एक आईना हु में जिससे देखता हु में देखते देखते मुझसे कितना आगे निकल गया सहित अन्य गजलों को पड़ा साथ ही हास्य कवि अर्जुन अल्हड कोटा राजस्थान एवं मालवी हास्य कवि नरेंद्र नखेत्री नागदा ने अपनी शानदार एवं विशेष रूप से हास्य-व्यंग्य से भरपूर कविताओं से समस्त नगरवासियों को देर रात तक हँसने को मजबूर करते हुए आनंदित कर दिया। इस दौरान पुर्व नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि भेरुलाल पुष्पद गोरव नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा दिनेश सिसोदिया महेश पाटीदार सतीश मिश्रा भुपेन्द्र जोशी सतीश राठौर लोकेश सोलंकी इशांत मंगल संतोष प्रजापति संजय विजयवर्गीय सतीश गिरजे प्रकाश पुरी महेश प्रजापति कैलाश पुष्पद रामेश्वर पुष्पद कमल राठौर विकास रजक सहित बड़ी संख्या में दर्शक तथा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## हंगामा करने वाले चार गिरफ्तार, पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा



**देवास।** औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर हंगामा कर शहर की शांति भंग करने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत के निर्देश पर यह कार्रवाई बावडिय़ा चौराहा पर की गई। पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि बावडिय़ा चौराहा पर कुछ लोग चिकन खरीदने को लेकर आपस में विवाद कर रहे हैं। विवाद इतना बढ़ गया कि वे मारपीट पर उतारू हो गए और सार्वजनिक स्थान पर हंगामा करने लगे, जिससे वहां शांति व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। सूचना की पुष्टि होने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर हंगामा कर रहे आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार सभी आरोपी आपस में लड़ाई-झगड़ा कर रहे थे, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन रहा था।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 170 बीएनएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। सभी आरोपियों को एसडीएम न्यायालय देवास के समक्ष पेश करने की वैधानिक प्रक्रिया की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में तेजसिंह पिता मिश्रीलाल रोकड़े (35) निवासी बावडिय़ा देवास, विशाल पिता हीरालाल गोयल (30) निवासी स्टेशन रोड एमजी कॉलोनी देवास, वसीम पिता हफीज खान (20) निवासी मुक्ति मार्ग देवास और गुलरेज पिता हफीज खान (30) निवासी शुक्रवारिया हाट देवास शामिल हैं।

### श्री राधाकृष्ण फाग यात्रा का स्वागत

**देवास।** रंग पंचमी महापर्व के उपलक्ष पर तथा सामाजिक समरसता मंच के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 8 मार्च रविवार को श्री राधाकृष्ण फाग यात्रा का आयोजन किया ।

### रंग पंचमी पर नगर के मुख्य मार्गों से निकली फाग यात्रा

# ढोल-ताशों और डीजे की धुन पर हुरियारों ने जमकर किया नृत्य, उड़ाया रंग-गुलाल

पांचदिवसीय होली पर्व का रंगपंचमी पर समापन। नगर के विभिन्न मोहल्लो एवं चौराहो पर युवाओं एवं महिलाओं की टोलियो ने एक दूसरे को रंग लगाकर रंगपंचमी का जमकर आनंद उठाया।





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर में रंगों का महापर्व रंग पंचमी धूमधाम से मनाया गया। पूरा नगर भक्ति और उत्साह के रंगो से सराबोर नजर आया। ढोल-ताशों और डीजे की धुन पर हुरियारों ने जमकर नृत्य किया। अल सुबह से ही नगर के विभिन्न मोहल्लो एवं चौराहो पर युवाओं एवं महिलाओं की टोलियो ने एक दूसरे को रंग लगाकर रंगपंचमी का जमकर आनंद उठाया। हिंदू उत्सव समिति के आह्वान पर फाग यात्रा परदेसीपुरा बुधवारा से प्रारंभ हुई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई बड़ा बाजार पहुंची। रंग, गुलाल, रंग भरे गुब्बारे से पूरे मार्ग रंगीन हो गये। नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष कैलाश परमार ने भी अपने मित्रों एवं साथियों के साथ जमकर होली खेली। परमार ने इस अवसर पर कहा कि होली का त्योहार आपसी मनमुटाव को भुलाकर एक ही रंग में सभी को रंगने वाला त्यौहार है। होली का त्यौहार हमें एक साथ मिलजुल कर जीवन जीने की सीख देता है। हमारा देश त्यौहारो का देश है। हमें हमारी इस अछनन संस्कृति को बचाए रखना है। विविधता में एकता ही हमारी संस्कृति की परिचायक है। इस अवसर पर शक्ल हिंदू समाज के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह, मानस भवन निर्माण समिति अध्यक्ष सत्यनारायण कामरिया, सुनील प्रगति, मनीष डोंगरे, मुकेश नामदेव आदि मौजूद थे।

### होली एवं रंग पंचमी मिलन समारोह में शामिल हुए सांसद





देवास लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी रविवार को लोकसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं के साथ होली एवं रंगपंचमी मिलन समारोह का आयोजन किया। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर और भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मिलन समारोह में शामिल हुएद। होली व रंगपंचमी मिलन समारोह में शामिल हुए। कार्यकर्ताओं के साथ मिलन समारोह में पहुचे विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी को रंग गुलाल लगाकर होली एवं रंगपंचमी की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सांसद कार्यालय में जमकर होली और रंगपंचमी मनाई गई एवं सभी पहुचे कार्यकर्ताओ ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगा कर जम कर रंगपंचमी मनाई गई एवं सभी ने एक दूसरे को रंगपंचमी की बधाई दी। इसके पूर्व आज प्रातः विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने अपने विधायक कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ जमकर रंगपंचमी मनाई एवं एक दूसरों को रंग गुलाल लगाकर उन्हें रंगपंचमी की बधाई दी। इस दौरान बड़ी संख्या में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता विधायक कार्यालय पहुंचे एवं विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को रंग पंचमी की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# विधायक पुत्र पर लगे घर में घुसकर अभद्रता करने के आरोप, क्रॉस कायमी

### नशे में मारपीट और गाली-गलौज की



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के पुत्र महेंद्र सिंह पर एक पूर्व पार्षद के घर में घुसकर मारपीट और अभद्रता करने के गंभीर आरोप लगे हैं। घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों पर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### नशे में धुत होकर घर में घुसने का आरोप

वायरल वीडियो में स्थानीय लोग महेंद्र सिंह को घेरकर सवाल-जवाब करते दिख रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों और पीड़ित परिवार का आरोप है कि शुक्रवार रात को महेंद्र सिंह शराब के नशे में धुत होकर पूर्व पार्षद बाबूलाल मालवीय के घर में घुसे और परिवार के सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार किया। वीडियो में कुछ महिलाएं और ग्रामीण यह कहते हुए सुने जा रहे हैं कि विधायक पुत्र अक्सर ऐसी हरकतें करते हैं। घटना के दौरान सामाजिक और राजनीतिक टिप्पणियां भी की गईं, जिसमें दलितों के प्रति व्यवहार को लेकर आक्रोश व्यक्त किया गया। इसके बाद शिकायत पर पुलिस उन्हे अपने साथ ले गई।

### पूर्व पार्षद ने लगाया मारपीट का आरोप

पूर्व पार्षद बाबूलाल मालवीय ने शिकायत दर्ज कराई है कि महेंद्र सिंह ने उनके घर में अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर उनके और उनके परिवार के साथ मारपीट की। पुलिस ने मालवीय का मेडिकल परीक्षण कराया है और इस मामले में एक एनसीआर दर्ज की है। मालवीय ने मामले की शिकायत एसडीएम और एसडीओपी दामोदर गुप्ता से भी करने की बात कही है।

### विधायक पुत्र की ओर से भी दर्ज हुई एफआईआर

दूसरी ओर, विधायक पुत्र महेंद्र सिंह ने भी थाने पहुंचकर अपनी रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व पार्षद के घर पर उनके साथ मारपीट की गई। आष्टा थाना प्रभारी गिरीश दुबे के अनुसार, महेंद्र की शिकायत पर बाबूलाल मालवीय, तेजपाल सिंह, गोलू और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

### वीडियो के आधार पर साक्ष्य जुटा रही पुलिस

आष्टा पुलिस फिलहाल वायरल वीडियो के आधार पर साक्ष्य जुटा रही है और घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ रही है। विधायक पुत्र से जुड़े इस हाई-प्रोफाइल मामले के कारण नगर में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। एसडीओपी दामोदर गुप्ता ने बताया कि जांच के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अस्पताल की लापरवाही: अज्ञात शव मारता रहा बदबू, अनदेखी से भर्ती मरीज होते रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी




रविवार को एक तरफ जहां रंग पंचमी का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा था वहीं दूसरी तरफ अस्पताल में उस समय अफरा तफरी मच गई। जब अचानक सिविल अस्पताल प्रांगण में भयंकर बदबू आने लगी। मौके पर मौजूद मरीजों के परिजनों ने जब ड्यूटी डॉक्टर को इस बात की शिकायत की तो उन्होंने मामले को एक सिरे से खारिज कर दिया।

इस पर स्थानीय मीडिया को सूचना दी गई जब मौके पर मौजूद मीडिया कर्मियों ने ड्यूटी डॉक्टर से यह सवाल किया तो उन्होंने कहा कि मैं 24 घंटे से ड्यूटी कर रहा हूं। मुझे किसी ने नहीं बताया कि यहां पर बॉडी रखी हुई है। कोई बिना बताए ही बॉडी छोड़कर चला गया। जब इस बात की सूचना एसडीएम डी एस तोमर को दी गई तो उन्होंने अधिकारियों से बात की। बताया जाता है कि शुक्रवार को रेलवे स्टेशन पर एक अज्ञात व्यक्ति मृत अवस्था में पाया गया था। जिसे रेलवे पुलिस द्वारा अस्पताल के मर्चुरी रूम में रखवाया गया। परंतु हर बार की तरह इस बार भी अज्ञात शव की दुर्गति ही हुई। सिविल अस्पताल में शवों की दुर्दशा का इतिहास नया नहीं है इससे पहले भी फ्रीजर खराब होने के कारण शवों की ऐसी ही दुर्गति हो चुकी है। अब यहां पर दूसरा बड़ा सवाल यह होता है कि इन परिस्थितियों में जो मरीज यहां पर भर्ती रखे गए हैं। उन पर इसके क्या विपरीत प्रभाव पढ़ते होंगे मरीज के परिजन यहां पर कैसे रहते होंगे वहीं अस्पताल के स्टाफ का बदबू के मारे क्या हाल होता होगा हालांकि यह सवाल तो पहले भी उठते रहे हैं।


लेकिन इनका हल आज तक नहीं मिला। प्रसव पीड़ा के चलते अपनी पत्नी को अस्पताल लेकर आए पुष्पेंद्र चौहान ने बताया कि कल शाम को अस्पताल आए थे। सब कुछ ठीक था आज सुबह से बदबू आने लगी। अस्पताल में गंदीबाड़ा मचा हुआ है ऐसे में डिलीवरी करवाना कितना सुरक्षित होगा। भाजपा नेता सतीश गुप्ता ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक को समस्या से अवगत कराएंगे और जिला कलेक्टर से बात करके फ्रीजर की व्यवस्था करवाएंगे। सीबीएमओ डॉक्टर डी बडोदिया ने बताया कि रेलवे पुलिस द्वारा एक शव को अस्पताल में रखवाया गया था। समय अधिक हो जाने के कारण फ्रीजर में शव खराब हो गया। उसे वहां से हटवा कर पोस्टमार्टम रूम में बर्फ में रखवाया गया है।

# नारी शक्ति का गढ़ बना सोनकच्छ और भौरासा सिस्टम की कमान महिला अफसरों के हाथों में

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा









इसे महज सहयोग कहे या महिला सशक्तिकरण का उभरता हुआ चेहरा लेकिन जिले की सोनकच्छ तहसील जिले से लेकर आज पूरे मध्य प्रदेश के लिए एक अनूठी मिसाल पेश कर रहा है। जिले के सोनकच्छ तहसील से लेकर भौरासा नगर तक मे प्रशासनिक ढांचे पर अगर नजर डाली जाए तो यहां शीर्ष से लेकर जमीन तक के अधिकांश महत्व पूर्ण पदों पर महिला अधिकारी अपनी क़ाबिलियत का लोहा मनवा रही है, फिलहाल कुछ पद को छोड दिया जाए तो सोनकच्छ तहसील का पूरा सरकारी तंत्र नारी शक्ति के कंधों पर टिका हुआ नजर आता है। ऐसे में यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि सोनकच्छ तहसील की कमान अब अधिकतर महिलाओं के हाथ में है, जहा बता दे की तहसील के प्रशासनिक और पुलिस सिस्टम की हर अहम गाड़ी में महिला अधिकारी तैनात है। पुलिस महकमे में अधिकतर महिलाएं काबीज है, जहां सोनकच्छ एसडीएम की जिम्मेदारी प्रिया चंद्रावत संभाल रही है तोपुलिस महकमे में सोनकच्छ क्षेत्र में एसडीओपी की जिम्मेदारी दीपा मांडवे बखूबी संभाल रही है, वही भौरासा नायब तहसीलदार के रूप में नेहा शाह सक्रिय है।

वही बात करें भौरासा थाना प्रभारी के रूप में अनीता सिंह व नगर परिषद सीएमओ के पद पर प्रमिला ठाकुर है जो वर्तमान में छुट्टी पर है तो उनकी जगह पर सविता सोनी है जो भौरासा व हाटपिपलिया नगर परिषद की कमान संभाल रही है। वही भौरासा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. गुरमीत कौर मौजूद है इसी तरह अगर बात की जाए सेवा सहकारी संस्था की तो यहां पर अदिति गोयल अपना कार्य संभाल रही है। वही कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य नीता शर्मा एव महिला बाल विकास मैं सुपरवाइजर का कार्य फिरदौस शेख बखूबी कमान संभाले हुए नजर आ रही हैं। नगर की अन्य शासकीय व अर्धशासकीय संस्थाओं में भी छोटे-मोटे व अन्य कई पदों पर भी नगर मे महिलाएं अपनी सेवाएं दे रही है।

# कमलापुर के जंगल की नहीं थम रही आगजनी, 2 दिन में दो जगहों पर भीषण आग से वन विभाग में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



इंदौर-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित जिनवाणी रेंज के कमलापुर वन क्षेत्र में लगातार आगजनी की घटनाएं सामने आ रही हैं। दो दिनों के भीतर जंगल के अलग-अलग स्थानों पर भीषण आग लगने से वन विभाग में हड़कंप मच गया है। तेज हवा और सूखी झाड़ियों के कारण आग तेजी से फैल रही है, जिससे वन संपदा और वन्य जीवों को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम को जंगल के कक्ष क्रमांक 781 में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आग की ऊंची लपटें तथा धुएं का गुबार दूर तक दिखाई देने लगा। इससे आसपास के किसानों और ग्रामीणों में चिंता का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही डिप्टी रेंजर गजराज सिंह मोरी, नाकेदार अशोक दक्षिणी सहित वन विभाग के कर्मचारियों के साथ आसपास के किसान और ग्रामीण भी आग बुझाने में जुट गए। शनिवार तड़के सुबह एक बार फिर जंगल में आग भड़क उठी। इस बार मीरा खोयरी के जंगल में कक्ष क्रमांक 95 में भीषण आग लग गई। तेज हवा और सूखी झाड़ियों के कारण आग तेजी से फैलने लगी, जिससे वन विभाग के कर्मचारियों को आग बुझाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा ।आग बुझाने के लिए डिप्टी रेंजर गजराज सिंह मोरी, राजेंद्र शर्मा, अशोक दक्षिणी और चौकीदार बाबू शाह सहित करीब 6 से 7 कर्मचारियों की टीम लगातार जंगल में डटी रही और आग पर काबू पाने के प्रयास करती रही। खबर लिखे जाने तक आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका था।वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस समय महुआ का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि महुआ बीनने वाले लोग सुविधा के लिए जंगल में आग लगा देते हैं, जिससे जमीन पर गिरे महुआ आसानी से दिखाई दे सकें। हालांकि इसकी पुष्टि अभी नहीं हो पाई है।

# खेतों में लगी आग, गेहूं की फसल हो गई खाक



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के बरोठा-नापाखेड़ी मार्ग पर शनिवार को खेतों में भीषण आग लग गई। अज्ञात कारणों से लगी इस आग में करीब 15 बीघा से अधिक क्षेत्र में खड़ी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। इससे आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

यह आग ग्राम नापाखेड़ी निवासी किसान मनोहर धुलजी के खेत में लगी थी। किसानों के अनुसार, इस घटना में लगभग 3.50 लाख रुपए मूल्य की गेहूं की फसल पूरी तरह खाक हो गई।आग लगने का प्राथमिक कारण बिजली लाइन में फॉल्ट या शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है।आग लगने की सूचना मिलते ही 200 से अधिक ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया। बरोठा पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों ने दमकल विभाग को भी सूचना दी, दमकल अमले के लंबे प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। पुलिस फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

# युवक से सीएनजी पंप पर की मारपीट, मामला दर्ज

### आधा दर्जन से अधिक लोगों ने पीटा



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मधुमिलन चौराहे के पास स्थित एक सीएनजी पंप पर काम करने वाले युवक के साथ आधा दर्जन से अधिक लोगों ने मारपीट कर दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। यह पूरी घटना 6 मार्च 2026 की रात करीब 7.30 से 8 बजे के बीच की बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फरियादी मनीष मालवीय ने बताया कि वह मधुमिलन चौराहे के पास स्थित सीएनजी पंप पर काम करता है।

उसी दौरान आरोपी सलीम अपनी टाटा मैजिक लेकर पंप पर गैस भरवाने आया था। सलीम ने अपनी गाड़ी में करीब 300 रुपए की गैस भरवाई और मनीष से ही पैसों की मांग की। मनीष का आरोप है कि पैसे देने से इनकार करने पर सलीम ने उसे जातिसूचक गालियां दीं और जान से मारने की धमकी भी दी। थोड़ी देर बाद सलीम अपने कुछ अन्य साथियों के साथ वापस आया।